# कार्यालय अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, रोहतक

## रोजगार सूचना

ग्रुप-डी कर्मचारियों के हरियाणा सरकार वेतनमान के अनुरूप पूर्णतया अस्थाई आधार पर स्वीकृत रिक्त पदों के तहत चपरासी के तीन पदों और प्रोसेस सर्वर के एक पद की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। तदनुसार, निर्देश के अनुरूप, श्रेणी-IV कर्मचारियों अर्थात चपरासियों / प्रोसेस सर्वर के लिए शर्तें निम्नानुसार होंगी :-

1. उम्मीदवार को प्रोसेस-सर्वर के पद हेतु 10+2 तक शिक्षित और एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत सहित मैट्रिक होना चाहिए।
2. उम्मीदवार को चपरासी के पद हेतु एक विषय के रूप में हिन्दी अथवा संस्कृत सहित मैट्रिक तक शिक्षित होना चाहिए।
3. नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई आधार पर होगी और आपकी सेवाएं बिना कोई कारण बताए अथवा कार्य और आचार संतोषजनक नहीं पाए जाने पर और किसी अन्य कारण से किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।
4. साक्षात्कार हेतु बुलाये गये उम्मीदवार और ज्वाइनिंग इत्यादि हेतु चयनित व्यक्ति को टीए/डीए देय नहीं होगा।
5. उम्मीदवार को आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव यदि कोई हो, जाति प्रमाण-पत्र इत्यादि के सम्बन्ध में मूल प्रमाण-पत्र लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय लाने चाहिएं।
6. उम्मीदवार को 18 वर्ष से कम आयु का और 42 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए, समय-समय पर हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित एससी/एसटी, बीसी-ए, बीसी-बी और पूर्व-सैनिक, शारीरिक विकलांग के सम्बन्ध में ऊपरी आयु सीमा में छूट के अधीन, पद हेतु आवेदन करने के लिये पात्र होंगे।
7. सरकारी विभाग, अर्द्ध सरकारी विभाग, बोर्ड और निगम विभाग में पहले से ही कार्यरत उम्मीदवार को उपयुक्त चैनल के माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है।
8. आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव यदि कोई हो, जाति प्रमाण-पत्र इत्यादि के सम्बन्ध में स्व-सत्यापित प्रतियां और दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करने होंगे। आवेदन में आवेदक का संपर्क नं. और ईमेल आइडी भी वर्णित करना होगा।
9. चयनित उम्मीदवार द्वारा एक वचन-पत्र/शपथ-पत्र दिया जाएगा कि वह अस्थाई आधार पर अथवा नियमित आधार पर नियुक्ति पर किसी वरिष्ठता का दावा नहीं करेगा/करेगी।
10. अंतिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा और अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन रद्द किए हुए माने जाएंगे।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन 15.12.2021 को अप. 05.00 बजे तक अथवा इससे पूर्व इस कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए और चपरासी के पद हेतु लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 24.12.2021 को पूर्वा. 11.00 बजे आयोजित किया जाएगा और प्रोसेस सर्वर के पद हेतु लिखित परीक्षा/साक्षात्कार भी 24.12.2021 अप. 02.00 बजे जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, रोहतक के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। भर्ती के प्रक्रिया के दौरान चपरासी / प्रोसेस सर्वर के पद की संख्या परिवर्तित की जा सकती है।

लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के संबंध में अलग से सूचना पत्र उम्मीदवारों को नहीं भेजा जाएगा।

हस्ता/-

अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद
निवारण आयोग, रोहतक

पीआरडीएच -1157/11/7/2022/5967/88/6 दि. 03.12.21